बिहार सरकार
सहकारिता विभाग

आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के संकल्प सं0–10000 दिनांक–10.07.2015 द्वारा संविदा के आधार पर सेवानिवृत्त कर्मियों की सेवा लेने के संबंध में दिशा–निर्देश निर्गत किया गया है। उक्त संकल्प की कंडिका–3(3)(ख) के तहत गठित विभाग स्तरीय चयन समिति की दिनांक–22.04.2026 को आहूत बैठक में लिये गये निर्णय एवं समिति द्वारा की गयी अनुशंसा के आधार पर श्री अभय कुमार वर्मा, सेवानिवृत्त जिला अंकेक्षण पदाधिकारी, स0स0, बिहार, पटना को संविदा के आधार पर जिला अंकेक्षण पदाधिकारी, स0स0 के पद पर नियोजन किया जाता है :–

क्र॰ सं॰	नाम	पदनाम	जन्म तिथि	सेवानिवृत्ति की तिथि	नियोजन का विभाग / कार्यालय
1	2	3	4	5	6
1	श्री अभय कुमार वर्मा	जिला अंकेक्षण पदाधिकारी, स0स0	02.01.1966	31.01.2026	सहकारिता विभाग, बिहार, पटना

2. यह नियोजन योगदान की तिथि से दो वर्ष अथवा उक्त पद पर नियमित नियुक्ति / प्रोन्नति होने तक के लिए होगा।

3. श्री वर्मा के द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा समय–समय पर की जायेगी और कार्य संतोषजनक नहीं होने पर इनकी संविदा रद्द की जा सकेगी।

4. इनके द्वारा सरकारी कार्य हेतु स्वस्थ्य होने के संबंध में असैनिक शल्य चिकित्सक –सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा निर्गत स्वास्थ्य प्रमाण–पत्र योगदान के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

5. श्री वर्मा के विरूद्ध किसी प्रकार के आरोप की सूचना प्राप्त होने पर नियोजन रद्द हो जायेगी।

6. संकल्प की कंडिका–3(6)(i) के अनुरूप इन्हें मासिक मानदेय देय होगा। कंडिका–3(6)(iv) के तहत सेवानिवृत्त और संविदा नियोजन के बीच वेतन / पेंशन पुनरीक्षण हो जाने की स्थिति में भी निर्धारित मानदेय अपरिवर्तित रहेगा। मासिक मानदेय की यह राशि संविदा अवधि में स्थिर रहेगी। मानदेय का भुगतान संबंधित पदस्थापन कार्यालय स्थापना के मुख्य बजट शीर्ष में व्यावसायिक एवं विशेष सेवाओं के लिये अदायगियाँ इकाई में उपबंधित राशि से किया जायेगा। योगदान की तिथि से मानदेय का भुगतान किया जायेगा।

7. सरकारी कार्यवश यात्रा किये जाने की स्थिति में कंडिका–3(6)(ii) के अंतर्गत नियमानुसार यात्रा भत्ता अनुमान्य होगा।

8. उक्त संविदा नियोजित जिला अंकेक्षण पदाधिकारी, स0स0 को सभी पदीय शक्तियाँ (वित्तीय शक्ति सहित) प्राप्त रहेंगी।

9. उन्हें नियमानुसार आकस्मिक अवकाश अनुमान्य होगा।

10. इसमें सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह0/–
(स्मृति कुमारी)
सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक.................................पटना, दिनांक....................................
05/नि०अंके० अरा०पदा० स्थापना–57/2025

प्रतिलिपिः– प्रधान महालेखाकार (ले० एवं हक०), बिहार, पटना/वित्त (वै0दा0नि0को0) विभाग, बिहार, पटना/संबंधित कोषागार पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0/–
सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक 2957 /पटना, दिनांक 03/06/26

प्रतिलिपिः– निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना/श्री अभय कुमार वर्मा, सेवानिवृत्त जिला अंकेक्षण पदाधिकारी, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना पता–मकान सं0–A/15, श्रीराम पथ, न्यू पुनाईचक, डाकघर+थाना–एल०बी०एस० नगर, पटना पिन–800023/आई०टी० मैनेजर, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

1
(1421)
02-06-2026

2/6/26
सरकार के उप सचिव।